दिन– गुरूवार दिनांक– 09 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी।

02. सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए नामांकन जारी। रामकृपाल यादव और चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी समेत कई नेताओं ने दाखिल किये पर्चे।

03. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर कल होगा पुनर्मतदान।

04. और, चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक बारिश का सिलसिला जारी। वैशाली, बेगूसराय, पूर्वी चम्पारण और भागलपुर जिले में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत।

———————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड शो कर रहे हैं।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और राहुल गांधी के बीच का चुनाव है। श्री शाह आज तेलंगाना में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश में न सिर्फ विकास हुआ है बल्कि राजनीति के प्रति लोगों के नजरिये में भी बदलाव हुआ है। श्री नड्डा आज उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों से

एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। सभा को भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी, लोकजन शक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में सीपीआई उम्मीदवार अवधेश राय के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत एनडीए के सभी नेता मुद्दों की बात करने से बचते हैं। श्री यादव ने मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत बाढ़ में पार्टी प्रत्याशी कुमारी अनिता के पक्ष में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस पर सिद्धांतविहीन राजनीति करने का आरोप लगाया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मन में सेवा–भाव नहीं है।

–––बाईट–––

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि उनके प्रयासों से ही शिक्षा विभाग में इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी मिली है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग के मंत्री भी उनके ही दल के थे।

–––बाईट–––

---

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से आज भाजपा से रामकृपाल यादव ने अपना पर्चा दाखिल किया। श्री यादव के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। वहीं, जहानाबाद से जदयू के चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी और काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय पवन सिंह ने भी नामजदगी का पर्चा भरा। दूसरी तरफ सासाराम संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय शिवशंकर राम और भारतीय जनवादी पार्टी के

संतोष कुमार खरवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रविशंकर प्रसाद कल अपना नामांकन पत्र भरेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में नाम वापस लेने की समय सीमा आज समाप्त हो गयी। इस चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद नवासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होना है।

———————————————————————————

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर कल पुनर्मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। निर्वाचन आयोग ने इन दोनों केन्द्रों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। गौरतलब है कि सात मई को तीसरे चरण के मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों ने दोनों पोलिंग बूथ पर हुए हंगामे के बाद ईवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रंजन प्रसाद यादव आज राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए। पटना में राजद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात वाल्मीकीनगर लोकसभा सीट की। वाल्मीकीनगर बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

नेपाल की सीमा से सटा पश्चिम चंपारण जिले का वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया था। वर्ष 2009 से अब तक इस सीट पर तीन आम चुनाव और एक उप चुनाव हो चुके हैं। इन सभी में भाजपा और जद यू उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से जद यू के बैद्यनाथ प्रसाद महतो को इस सीट से जीत मिली थी। उनके असामयिक निधन के बाद इस क्षेत्र में हुए उपचुनाव में जद यू से बैद्यनाथ प्रसाद मेहता के पुत्र सुनील कुमार कुशवाहा को जीत मिली थी। उन्होंने कड़े मुकाबले में कांग्रेस के प्रवेश मिश्र को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में एन डी ए से जद यू ने निवर्तमान सांसद सुनील कुमार कुशवाहा पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं इंडी गठबंधन में हुए सीट बंटवारे में राजद के खाते में आई इस सीट पर पार्टी ने दीपक यादव को उम्मीदवार बनाया है। दीपक यादव भाजपा छोड़कर राजद में शामिल हुए हैं। वहीं, कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्र और भाजपा के बागी दिनेश अग्रवाल भी चुनाव मैदान में हैं। दोनों प्रमुख गठबंधन के बागी उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से इस बार मुकाबला काफी रोचक होने की संभावना है। विधानसभावार स्थिति देखें तो एन डी ए उम्मीदवार काफी मजबूत स्थिति में दिखते हैं। 6 में से 4 सीट– रामनगर, नरकटियागंज, बगहा और लौरिया पर भाजपा तो 1 सीट वाल्मीकीनगर पर जद यू का कब्जा है। सिर्फ सिकटा सीट पर भाकपा माले के विधायक हैं। जद यू उम्मीदवार जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों और मोदी की गारंटी के

नाम पर लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं राजद उम्मीदवार मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी प्रवेश मिश्र और दिनेश अग्रवाल भी एड़ी चोटी का जोर लगा कर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए वाल्मीकीनगर से आशीष कुमार।

———————————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मुजफ्फरपुर में सबसे अधिक छियासठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, पूर्वी चम्पारण जिले के ललबगिया घाट में तिरेसठ मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण—पूर्व हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———बाईट———

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में वैशाली, बेगूसराय, पूर्वी चम्पारण और भागलपुर जिले में पांच लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

पटना स्थित बीएसएनएल मेन टेलीफोन कार्यालय में आज अचानक आग लग गयी। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के चलते यह हादसा हुआ।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने कुख्यात लॉरेंस विश्नोई गिरोह के एक अपराधी जय प्रकाश को गिरफ्तार किया है। वह राजस्थान के बीकानेर का रहने वाला है।

———————————————————————————

मधुबनी नगर थाना क्षेत्र के गिलेशन बाजार में पुलिस ने दो सौ सैंतालीस लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा में मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी की घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गये।

———————————————————————————

गया जिले के मानपुर मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मोबाईल चोरी के आरोप में असामाजिक तत्वों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के कटरा मोड़ पर वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से एफटीएफ ने चोरी की तीस मोबाईल फोन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी।

02. सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए नामांकन जारी। रामकृपाल यादव और चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी समेत कई नेताओं ने दाखिल किये पर्चे।

03. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर कल होगा पुनर्मतदान।

04. और, चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक बारिश का सिलसिला जारी। वैशाली, बेगूसराय, पूर्वी चम्पारण और भागलपुर जिले में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।